## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री से प्रदेश सरपंच संघ के प्रतिनिधि मंडल ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शुक्रवार शाम यहां उनके निवास कार्यालय में प्रदेश सरपंच संघ के अध्यक्ष आदित्य उपाध्याय के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर सरपंच संघ के पदाधिकारी सुखदेव प्रसाद तथा गंगादास मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

### पैदल जा रही महिला को तेज रफ्तार मेटाडोर ने मारी ठोकर, इलाज के दौरान मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार मेटाडोर की ठोकर से पैदल जा रही महिला की मौत हो जाने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार शहीदनगर बीरगांव निवासी उत्तर सेठ 36 वर्ष पिता बिहारी सेठ ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 23 जुलाई को 11.30 बजे गणपति इस्पात के पास उरला में तेज रफ्तार मेटाडोर क्रमांक सीजी 04 जेडी 0958 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए प्रार्थी की पत्नी श्रीमती संजू सेठ 34 वर्ष को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते वह गंभीर रुप से घायल हो गई,अस्पताल ले जाने पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मेटाडोर चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### ट्रेडिंग कंपनी का दिवाल तोड़कर 120 किलों वाईडिंग तार का बण्डल चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** कंपनी का दिवाल तोड़कर 60 का तार चोरी कर लेने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार टिम्बर मार्केट मंजू ट्रेडिंग कंपनी फाफाडीह देवेन्द्र रायपुर निवासी कपिल पटेल 38 वर्ष पिता नारायण भाई पटेल ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 22 से 23 तारिख की दरम्यिानी रात निधि वायर उमिया मार्केट बीरगांव उरला में अज्ञात चोर ने दिवाल तोड़कर कंपनी के अंदर प्रवेशकर 120 किलों वाईडिंग तार बण्डल कीमत 60 हजार रुपये को चोरी कर लिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरी के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### नक्सलियों ने बैनर टांगकर शहीदी सप्ताह मनाने का किया ऐलान

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले के ओरछा व छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के अंदरूनी इलाको में पूर्वी बस्तर डिवीजन व अमदई एरिया कमेटी ने बैनर पोस्टर लगाए है। नक्सलियो ने 28 जुलाई से 03 अगस्त तक गांव-गांव में शहीद सप्ताह मनाने का आह्वान बैनर लगाकर किया है। जिसमें बीजापुर जिले के सिलगेर मामले को नरसंहार बताते हुए,बस्तर आईजी पी सुन्दरराज पी. को नक्सलियों ने सिलगेर मामले का जिम्मेदार बताया है। नक्सली पुलिस से मुठभेड़ में मारे गए साथियों की याद में 28 जुलाई से 03अगस्त तक शहीदी सप्ताह मनाने का ऐलान किया है। मारे गए नक्सलियों की याद में प्रति वर्ष 28 जुलाई से 03 अगस्त तक नक्सली शहीदी सप्ताह मनाते हैं, उनकी याद में स्मारक बना देते हैं।

### नाबालिग को भगा ले जाने वाले अज्ञात पर केस दर्ज

**महासमुंद (आरएनएस)।** नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले अज्ञात युवक के खिलाफ पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। मामला पटेवा थाना क्षेत्र का है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 साल की लड़की को कोई अज्ञात युवक बहला फुसलकार अपने साथ् भगा ले गया है।

# नीति आयोग द्वारा आयोजित एटीएल मैराथन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्कूली बच्चों के 13 प्रोजेक्ट का चयन



**रायपुर (आरएनएस)।** नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन ने अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) मैराथन 2020 के परिणाम जारी किए हैं। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 13 प्रोजेक्ट का चयन टॉप 300 में हुआ है। टॉप 300 में राज्य के 9 स्कूलों से 13 प्रोजेक्ट चयनित हुए हैं, जिनमें 5 शासकीय स्कूल से 9 प्रोजेक्ट चयनित किए गए हैं। प्रदेश के बिलासपुर जिले से 5, महासमुंद जिले से 3, बालोद जिले से 3 और रायपुर जिले से 2 प्रोजेक्ट का चयन किया गया है।

एटीएल मैराथन 2020 इस वर्ष नवम्बर 2020 में नीति आयोग द्वारा प्रारंभ किया गया। इसमें 17 हजार से अधिक छात्रों के द्वारा कुल 7200 प्रोजेक्ट जमा किए गए। इनमें से टॉप 300 प्रोजेक्ट का चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य से चयनित 13 प्रोजेक्टों में से रायपुर जिले के कृष्णा पब्लिक स्कूल से इको सेफ ट्रेफिक्क सिस्टम और देहली पब्लिक स्कूल से जैविक खाद हेतु उपयुक्त पौधे का चयन विषय पर बनाए गए प्रोजेक्ट का चयन हुआ है। इसी प्रकार महासमुंद जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से नर्रा से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निरीक्षण तंत्र, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा से एक्सीडेंट डिटेक्शन सिस्टम और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढफुलझर से कृषि में सिंचाई के आटोमेटिक उपाय विषय के प्रोजेक्ट का चयन किया गया है। जिला बालोद के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से डिजिटल केलकुलेटर, डिजिटल काउंटर, एयर प्यूरीफिक्रेशन तथा बिलासपुर जिले के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर से डॉक्टर रोबोट, लघु उद्योगों के लिए इन ऑफ डूइंग उपाय और पशुओं में खुरहा चपका बीमारी के डायग्नोस्टिक किट (काऊ रिलिवर), भारत माता इंग्लिश मीडियम स्कूल बिलासपुर से डेमोग्राफी और सेंट जेवियर स्कूल बिलासपुर से इकोनॉमी विषय के प्रोजेक्ट का चयन किया गया है।

नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत स्कूली बच्चों में इनोवेशन, आइडेशन, डिजाइन थिंकिंग सीखने के लिए देश भर के सरकारी और नीजि विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की गई है। इस मिशन के तहत छत्तीसगढ़ में अब तक कुल 326 अटल टिकरिंग लैब की स्थापना हो चुकी है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा प्रदर्शन के लिए नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन की ओर से वार्षिक प्रतियोगिता का आयोजन एटीएल मैराथन के नाम से हर वर्ष किया जाता है। इस मैराथन प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 12वीं तक छात्रों को आम लोगों के जीवन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आइडिया आमंत्रित किए जाते हैं। नीति आयोग द्वारा चयनित आइडियाज पर मेटर के सहयोग, एटीएल के उपकरणों और माडयूल का उपयोग करते हुए प्रोटोटाइप बनाए जाते हैं। चयनित मॉडल, आइडिया का पेटेंट भी कराया जाता है, जो संबंधित स्कूल के नाम से होता है।

## फेसबुक पर विदेशी युवक ने महिला को गिफ्ट भेजने और विदेश घुमाने के नाम पर 25 लाख की ठगी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** फेसबुक पर विदेशी युवक ने महिला को मंहगा गिफ्ट भेजने और विदेश घुमाने के नाम पर 25 लाख रुपये अलग-अलग माध्यम से ठग लिए।

मिली जानकारी के अनुसार खमतराई निवासी युवती ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि खमतराई थाना क्षेत्र निवासी महिला की दोस्ती डेढ़ माह पहले इंग्लैंड के युवक से हुई थी। इसके बाद आरोपित ने मंहगे गिफ्ट देने की बात कही। इसके बाद अलग-अलग खाते में 25 लाख रुपये डलवा लिए। पुलिस ने साइबर की मदद से उन खाता नंबरों की पड़ताल शुरू कर दी है।

साइबर ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाते हैं। आईडी के माध्यम से ये लोगों से दोस्ती करते हैं। कुछ दिनों के बाद अपने प्रेम जाल में फंसाते हैं और किसी भी तरह मंहगा गिफ्ट भिजवाने की बात करते हैं। कुछ दिन बाद कहा जाता कि एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारी ने उनका गिफ्ट पकड़ लिया है। गिफ्ट उन्हीं के शहर में पकड़ाया है, इसलिये वो उस गिफ्ट को किसी तरह छुड़ा लें। इसके बाद ठग खुद कस्टम अधिकारी बनकर फरियादी को गिफ्ट छुड़ाने की बात कहते हैं। इसके बाद बैंक खातों में पैसे जमा करने के लिए अकाउंट नंबर भेजते हैं। तय राशि समय पर जमा न करने पर पुलिस केस करने की भी धमकी देते हैं। खातों में पैसे आते ही आरोपित अपने फर्जी बैंक अकाउंट और फेसबुक की फेक आईडी बंद कर देते हैं।

## मंत्री उमेश पटेल ने आदर्श गौठान चरोटा में संचालित विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों का किया निरीक्षण



**रायपुर (आरएनएस)।** उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा बालोद जिले के प्रभारी मंत्री उमेश पटेल ने आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम चरोटा के आदर्श गौठान का निरीक्षण कर वहां संचालित विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने वहां स्व-सहायता समूहों के सदस्यों से चर्चा कर उनके कार्यों की सराहना की और उन्हें आत्मनिर्भर बनने प्रोत्साहित किया। संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, विधायक मती संगीता सिन्हा, जिला पंचायत की अध्यक्ष मती सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि इस अवसर पर मौजूद थे।

मंत्री पटेल ने गौठान परिसर में स्वसहायता समूह द्वारा गोधन न्याय योजना के तहत खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन, विक्रय तथा केचुआ की उपलब्धता की जानकारी ली। समूह की सदस्यों ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन पश्चात विक्रय से उन्हें आमदनी प्राप्त हो रहा है। केचुआ पर्याप्त उपलब्ध है। उनके द्वारा केचुआ का उत्पादन तथा विक्रय किया जाता है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि गौठान से अब तक दो लाख रूपए से अधिक के वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय कर लिया गया है। मंत्री ने गौठान परिसर में डबरी में मछलीपालन कार्य का अवलोकन किया। समूह के सदस्यों ने डबरी में पॉच लाख मछली बीज डालने की जानकारी दी। मंत्री पटेल ने ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को मछली पालन हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मछली पालन आमदनी का अच्छा जरिया बनेगा।

## सोमवार 26 से फिर से खुलेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र हितग्राहियों को दिया जाएगा गरम भोजन



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में चार माह बाद आंगनबाड़ी केन्द्र सोमवार 26 जुलाई से फिर से खुलेंगे। इससे पहले कोविड-19 के कारण 22 मार्च से आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन बंद रखते हुए हितग्राहियों को घर पहुंचाकर सूखा राशन दिया जा रहा था। विगत 20 जुलाई को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों को दो पालियों में संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने 26 जुलाई से जिले की सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों को कोविड-19 के दिशा-निर्देश का पालन करते हुए फिर से शुरू करने के सशर्त निर्देश जारी कर दिये हैं। कंटेनमेंट जोन अथवा जिला प्रशासन द्वारा बंद करने का निर्णय लिए क्षेत्रों में आंगनबाड़ी संचालित नहीं होंगे।

उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ जैसी अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं का मानना है कि कोविड-19 के कारण कुपोषण में बढ़ोत्तरी हो सकती है, इसलिए कुपोषण को रोकने के लिए कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को दोपहर का गरम भोजन और स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस को कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और सुपोषण अभियान के हितग्राहियों को आंगनबाड़ी आने की अनुमति होगी। केन्द्र में बच्चों को भेजने हेतु पालकों की सहमति लिए जाने के निर्देश भी दिए गए है। केन्द्र में हितग्राहियों को अलग-अलग समूह में अलग अलग समय पर बुलाया जाएगा। एक समय में 15 व्यक्तियों से अधिक लोग भवन में नहीं होंगें।

सभी संभागीय आयुक्तों, कलेक्टरों और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों को खोलन के पहले सेनेटाईज करने, हितग्राहियों की स्क्रीनिंग करने, बीमारियों का प्रबंधन, मास्क पहने, फिजिकल डिस्टेंसिंग पालन करने, खाना पकाने के बर्तनों को साफ करने और भोजन पकाने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। इस संबंध में सभी पर्यवेक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ और सहायिकाओं को प्रशिक्षण देने भी कहा गया है। सभी अधिकारियों को जारी दिशा निर्देश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने कहा गया है।

## माल वाहक वाहन में धान भूसी, कनकी में छुपाकर ले जा रहे 1 करोड़ 60 लाख का गांजा जब्त

**महासमुंद (आरएनएस)।** महासमुंद जिले की सिघोडा पुलिस ने 1 करोड 60 लाख रुपए के 8 क्विंटल गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी माल वाहक गाड़ी में धान भूसी, कनकी के बोरियों के पीछे छिपाकर गांजा की तस्करी कर रहे थे। सिघोडा पुलिस ने ग्राम खरखरी के पास पकड़ा है आरोपी गांजा को ओडिशा से महाराष्ट्र लेकर जा रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार सिंघोड़ा पुलिस ने गांजा तस्करी करने की सूचना पर 23 जुलाई को छत्तीसगढ़ ओडिशा अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट रेहटीखोल थाना सिंघोडा में, ओडिशा की ओर से आने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान ओडिशा की ओर से आ रही एमएच पासिंग आयशर वाहन क्रमांक 1110 ट्रक वाहन पुलिस को देखकर भागने के दौरान शुभम साहू उम्र 27 वर्ष नागपुर निवासी को गिरफ्तार कर 8 क्विंटल गांजा, एक मालवाहक वाहन , दो नग मोबाइल, 3000 रुपए नगद जब्त कर नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के इम्पैनलमेंट के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

### » सिविल इंजानियरिंग से जुड़े सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता, इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राध्यापक कर सकते हैं आवेदन

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की एजेंसी छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के इम्पैनलमेंट के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। इसके लिए कार्यपालन अभियंता या इससे उच्च पद से सेवानिवृत्त सिविल अभियंताओं तथा छत्तीसगढ़ व पड़ोसी राज्यों के इंजीनियरिंग या पॉलिटेक्निक कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राध्यापकों (सिविल इंजीनियरिंग) से आवेदन मंगाया गया है। आवेदकों को इन व्यावसायिक योग्यताओं के साथ ही सड़क या पुल या दोनों के निर्माण एवं रखरखाव का अनुभव होना आवश्यक है। आवेदन 31 जुलाई 2021 तक जमा किए जा सकते हैं। आवेदकों को मैदानी अनुभव (Field E&peri-ences) से संबंधित दस्तावेज भी आवेदन के साथ संलग्न करने कहा गया है।

इम्पैनलमेंट के लिए पात्रता की शर्तें, स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के कर्तव्य (Duty) और आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाइट www.pmgsy.nic.in (डब्लूडब्लूडब्लू डॉट पीएमजीएसवाई डॉट एनआईसी डॉट इन) पर 'डीओ एंड एसक्यूएम सलेक्शन एंड परफॉर्मेंस इवेल्यूएशन (DO and SQM selection and performance evaluation)' शीर्षक के तहत देखी जा सकती है।

स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के रूप में कार्य करने के इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, विकास भवन, सिविल लाइन, रायपुर को 31 जुलाई तक भेज सकते हैं। अभिकरण ने एनआरआईडीए (NRIDA) में नेशनल क्वालिटी मॉनिटर और दूसरे राज्यों में स्टेट क्वालिटी मॉनिटर के रूप में इम्पैनल्ड अधिकारियों तथा 31 जुलाई 2021 को 70 साल की उम्र पूरी कर रहे अधिकारियों को आवेदन नहीं करने कहा है।


SJU - Contact No. +91 9301915303

E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU


## ग्रामीण अर्थव्यवस्था के स्वावलंबन के लिए सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने की जरूरत - मुख्यमंत्री

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि सहकारी बैंक से किसानों की बड़ी उम्मीद हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्वावलंबी बनाने के लिए सहकारिता आंदोलन के विस्तार और इसे और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। किसानों के साथ-साथ मजदूरों, गौपालकों, वनांचल के आदिवासी भाई-बहनों को भी सहकारी बैंकों से जोड़ा जाना चाहिए, जिससे उन्हें भी बैंक की सुविधाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के नवनियुक्त अध्यक्ष नवाज खान के पदभार ग्रहण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बैंक के अध्यक्ष खान को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राजनांदगांव जिले के वनांचल के गांव मानपुर और मुढ़ीपार (खैरागढ़) में सहकारी बैंक के भवन निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सहकारी बैंक के भवन का निर्माण 36 लाख रूपए की लागत से किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन राजनांदगांव के पद्म गोविन्द राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया गया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी का नारा दिया है, सुराजी गांव योजना के अंतर्गत पशुओं के लिए गौठानों का निर्माण किया गया है, जहां महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं गोधन न्याय योजना के अंतर्गत खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट का निर्माण कर रही हैं। अब तक समूहों द्वारा तैयार किए गए लगभग 9 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट की बिक्री की जा चुकी है, जिसका उपयोग बड़ी संख्या में किसान कर रहे हैं। वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करने वाले किसानों का कहना है कि वर्मी कम्पोस्ट के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की मांग के अनुरूप केन्द्र द्वारा रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति नहीं होने के कारण किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार इनकी आपूर्ति के लिए लगातार प्रयास कर रही है। बघेल ने कहा कि किसान ज्यादा से ज्यादा वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग कर जैविक खेती की ओर बढ़ें, जैविक खेती से मिलने वाले कृषि और उद्यानिकी उत्पाद तथा अनाज स्वास्थ्य और आर्थिक दृष्टि से किसानों के लिए लाभप्रद होंगे।